No. of Printed Pages : **5**

# 1306 (NP)

*Register Number* | | | | | | |

# Language – Part I – HINDI – Paper I

Time Allowed : 2.30 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न–पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें और रेखाचित्र बनाने के लिए पेन्सिल का उपयोग करें।

**I. निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **6x1=6**

**1.** प्रेमचन्द जी की पहली कहानी __________ है।

(a) पंच परमेश्वर (b) कफ़न (c) गबन

**2.** __________ कुरक के समूह को एक अधिकारम कहते हैं।

(a) 7 (b) 10 (c) 5

**3.** अब मेरे कमरे का कायाकल्प __________ के रूप में होने लगा।

(a) खानखाना (b) दवाखाना (c) चिड़ियाखाना

**4.** ''भारत गीत'' कविता के कवि __________ हैं।

(a) गिरिजा कुमार माथुर (b) रामधारी सिंह दिनकर (c) सुमित्रानंदन पंत

**5.** रहीम __________ के समान बड़े दानी थे।

(a) कर्ण (b) हरिश्चन्द्र (c) राजाराम

**6.** पहिया __________ का प्रतीक है।

(a) बढ़ोन्नति (b) उन्नति (c) प्रगति

[ Turn over

**II. निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **8x1=8**

**7.** आनंदी के बाप एक छोटी सी रियासत के __________ थे।
(a) ताल्लुकेदार (b) ज़मीनदार (c) मुनीम

**8.** साहब की खुशी से रामनाथ को क्या मिलेगी?
(a) धन-दौलत (b) तरक्की (c) ओहदा

**9.** सोमा बुआ कैसी हैं?
(a) कामचोर (b) विधवा (c) परित्यक्ता

**10.** सोरठा किस छंद का उल्टा है?
(a) रोला (b) दोहा (c) बरवै

**11.** ''परमात्मा का कुत्ता'' कहानी में एक आदमी ने किस बात पर अर्जी दी ?
(a) मकान (b) ज़मीन (c) खेत

**12.** राम ने रावण को मारा। इसमें 'को' - कौनसा कारक है?
(a) करणकारक (b) संप्रदान कारक (c) कर्मकारक

**13.** यह रमेश __________ पुस्तक है।
(a) को (b) का (c) की

**14.** ''बादशाह'' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है?
(a) बेगम `(b) रानी (c) बादशाही

**III. (A) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **3x2=6**

**15.** कवि के अनुसार भारत ने किसके बल पर स्वतंत्रता प्राप्त की?

**16.** देश एवं जाति का विकास किससे होने की संभावना है?

**17.** तिरुवल्लुवर ने हमें किस तरह की सीख अपनाने को कहा?

**18.** कवि माथुर ने किसके रूप में पहिये का चित्रण किया है?

**(B) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2x2=4**

19. मोर को किसने अपना युद्ध वाहन बनाया ?

20. बनारस के एक्के कितने प्रकार के होते हैं? वे क्या-क्या हैं?

21. राधागुप्त कौन था?

**IV. किन्हीं सात प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **7x2=14**

22. संधि कीजिए :

(1) अनु + एषण = (2) निः + गुण =

23. समास विग्रह कर भेद बताइए :

(1) पीतांबर (2) भारत माता

24. पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(1) Broadcast (2) Electricity

(3) Speaker (4) Visa

25. अपना नाम गोपाल है। [ शुद्ध कीजिए।]

26. हिन्दी राष्ट्रभाषा है। इसलिए मैं हिन्दी सीखती हूँ। [ प्रश्नवाक्य बनाइए।]

27. रीना गीत सुनती है। [ प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग कीजिए।]

28. सोहन पढ़ाई करता है। [ भूतकाल में लिखिए ]

29. मैंने पत्र लिखा। [ वाच्य बदलिए ]

30. आप स्वच्छ वस्त्र धारण कीजिए। [ 'तू' का प्रयोग करके लिखिए ]

**V. (A) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखिए।** **2x4=8**

31. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''प्रथम सभ्यता ज्ञाता, साम ध्वनित गुण गाथा,
जय नव मानवता निर्माता
सत्य अहिंसा दाता!
जय हे जय हे, शांति अधिष्ठाता,
जन गण तंत्र विधाता!''

32. लोलुप व्यक्ति पर तिरुवल्लुवर का आशय समझाइए।

33. निम्नलिखित के सही जोड़ मिलाइए।

| | **क** | **ख** |
|---|---|---|
| (1) | महादेवी वर्मा | हत्या के बाद |
| (2) | सुमित्रानंदन पंत | नाश और निर्माण |
| (3) | विष्णु प्रभाकर | गुंजन |
| (4) | गिरिजा कुमार माथुर | दीप शिखा |

**(B) निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखिए।** **2x4=8**

34. कृत्रिम उपग्रह की क्या उपयोगिता है?

35. नीलकंठ संस्मरण में लेखिका ने अपने संसर्ग में आए पशु-पक्षियों का चित्रण कैसे किया है?

36. अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(1) उपालंभ (2) आयोजन करना

**VI. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **3x4=12**

37. सोरठा अथवा रोला छंद का सोदाहरण लक्षण समझाइए।

38. किसी शैक्षिक संस्थान को, हिन्दी अध्यापक पद के लिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

**39. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

आज की शिक्षा की सबसे बड़ी कमी यह है कि वह विद्यार्थी को स्वावलम्बी न बनाकर परमुखापेक्षी बनाती है। आज की शिक्षा न तो धर्मकारी है और न अर्थकारी। अर्थकारी से अभिप्राय उस शिक्षा से है जो विद्यार्थी को अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाती हो। हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली इस दृष्टि से भी सदोष है। आज का शिक्षित व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की नौकरी से चिपक जाना चाहता है। उसे अपने ऊपर विश्वास नहीं, वह किसी भी प्रकार का संकट उठाकर स्वावलम्बन का कार्य नहीं कर सकता। इसका सीधासा परिणाम सामने है। बेकारी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। थोड़ी-सी नौकरियाँ असंख्य जन-समूह के लिए भला कैसे पर्याप्त हो सकती हैं?

**प्रश्न :**

1. आज की शिक्षा की सबसे बड़ी कमी क्या है?
2. आज की शिक्षा क्यों बेकार है?
3. आज के शिक्षित व्यक्ति को अपने ऊपर विश्वास क्यों नहीं होता है?
4. स्वावलंबी न होने का बुरा परिणाम क्या है?
5. प्रस्तुत अंश का उचित शीर्षक लिखिए।

**40.** रूपक अलंकार या उपमा अलंकार का सोदाहरण लक्षण लिखिए।

**VII. (A) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।** **2x6=12**

**41.** ''भारत गीत'' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

''पहिये से मनुष्य जीवन भी बदल जाता है।''
- इसे माथुर जी के कथनानुसार समझाइए।

**42.** नखासकोने के बड़े मियाँ का चित्रण अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

भारत की नदियों का जल क्यों दूषित हुआ?

**(B) कंठस्थ भाग :**

**43.** (a) रहीम का कोई एक दोहा अपनी पाठ्य पुस्तक से लिखिए। **1x2=2**

(b) कविता की पूर्ति कीजिए। **1x4=4**

''शक्ति स्वरूपिणि .................. विधाता!''

**VIII. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर विस्तार से दीजिए।**

**44.** ''समाचार पत्र'' पर एक अनुच्छेद लिखिए। **1x6=6**

**अथवा**

आनंदी का चरित्र चित्रण कीजिए।

- o O o -